# राजधानी सहित प्रदेश में जमकर हो रही ओलावृष्टि के साथ बारिश

**प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश**

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में आज शाम 6 बजे आंधी तूफान आने के साथ ही जमकर बारिश हुई। समाचार लिखे जाने तक राजधानी में रूक-रूककर हो रही बारिश से आवाजाही प्रभावित हुई। ज्ञातत्व है कि रविवार होने के कारण शहरवासी घूमने के लिए भ्रमण पर निकले थे। अचानक जमकर हुई बारिश से लोग बारिश से बचने के लिए यहां-वहां आसरा खोजने लगे। इधर बस्तर के चारामा में केशकाल घाट तक लगातार ओलावृष्टि होने से जमकर बारिश से रायपुर-जगदलपुर का मार्ग ओलों से लग गया। मध्यप्रदेश में लगातार हो रही ओलावृष्टि से गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी 48 घंटों तक इसी तरह बारिश बादल की स्थिति बनी रहेगी। बस्तर सहित प्रदेश में हल्की से तेज वर्षा पिछले 24 घंटों में दर्ज गई है।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है. अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. बदले मौसम के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अंधड़, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो रहे हैं और ओला वृष्टि भी हुई है. शनिवार को भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी केर साथ बारिश हो रहे हैं. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आज प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात, अंधड़ और ओलावृष्टि हो सकती है।



मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, बिलासपुर, राजनादगांव, कवर्धा, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले सहित अन्य जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है. पिछले तीन दिनों से बदले मौसम की वजह से तापमान में गिरावट आई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और एक अन्य पूर्वोत्तर राजस्थान में निचले क्षोभमंडलीय स्तरों में स्थित है. क्षोभ मण्डल के निचले स्तर में तमिलनाडु से उत्तर कोंकण तक एक ट्रफ,वायु विच्छिन्नता मौजूद है. आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ वज्रपात होने, अंधड़ चलने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है.

मौसम वैज्ञानिक एच पी. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक साइक्लोनिक सरकुलेशन राजस्थान के ऊपर में बना हुआ है, इन दोनों के कंबाइंड के कारण बंगाल की खाड़ी से वज्रपात में नमी आ रही है, साथ ही एक द्रोणिका है जो कर्नाटक से लेकर झारखंड तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए गया है, जिसके कारण से पूरे प्रदेश भर में कुछ स्थानों में हल्की से बारिश निर्मित हुई है. आने वाले 24 घंटे में अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. एक-दो स्थानों में बारिश के साथ आंधी चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि की भी संभावना है. कांकेर के चारामा में ओलावृष्टि दर्ज हुई है. यह जो स्थिति है वह आने वाले 20 मार्च तक बने रहने की संभावना हैं।

## ओलों की मार से अधेड़ की मौत : रास्ते में बारिश में फंस गया था मृतक

**बस्तर (आरएनएस)।** शनिवार शाम अंचल में हुई भारी ओलावृष्टि और बारिश एक राहगीर अधेड़ पर कहर बनकर टूट पड़ी। ओलों की मार से तालुर निवासी 45 वर्षीय चेरमू कश्यप की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया।



बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम तालुर पुजारी पारा निवासी स्व. पूरन कश्यप का 45 वर्षीय पुत्र चेरमू कश्यप अकाल मृत्यु का शिकार हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) कामड़े ने बताया कि चेरमू कश्यप 18 मार्च को सुबह 9 बजे साइकिल लेकर अपनी बड़ी बेटी सोनम बघेल से मिलने उसके ससुराल ग्राम नाईकगुड़ा बस्तर के लिए निकला था। शाम को घर लौटते समय अचानक अंधड़ के साथ जमकर ओलावृष्टि और बारिश होने लगी। उस समय चेरमू कोकामुंडा - तालुर मार्ग स्थित मेलिया पेपड़ा नर्सरी प्लाट रोड के करीब पहुंचा ही था कि शाम 5.30 बजे तेज अंधड़ के साथ बड़े बड़े ओले गिरने लगे और बारिश होने लगी। ओलों की मार इतनी जबरदस्त थी कि चेरमू की जान ही चली गई। कुछ देर बाद किसी व्यक्ति ने शव को पहचाना और अपने सेलफोन के कैमरे में उसकी तस्वीर ले ली। उस व्यक्ति ने यह फोटो चेरमू कश्यप के चचेरे भाई चूमन कश्यप के बेटे नरेंद्र मोबाइल फोन पर भेजकर घटना की जानकारी दी। घटना स्थल पर जाकर मामले की पुष्टि करने के बाद चूमन ने उप सरपंच सुशील खम्मारी के साथ बस्तर थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शव को पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से बस्तर में करोड़ के नुकसान की संभावना

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बस्तर ब्लॉक मुख्यालय बस्तर सहित आस-पास के गांवों में शनिवार शाम को हुए असमय भारी बारिश, आंधी तूफान और ओलावृष्टि से लोगों का काफी नुकसान हुआ है। किसानों के खेतों में ओले गिरने से जहां टमाटरए मिर्च के पौधे अब सिर्फ ठूंठ बनकर रह गए हैं। वहीं सीमेंट की सीट से बने घर उजड़ गए। बारिश, आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से बस्तर अंचल के सैंकड़ों किसानों का करोड़ का नुकसान होने की संभावना व्यक्त की गई है। बस्तर अंचल में 500 एकड़ से अधिक मिर्ची की खेती और लगभग 400 एकड़ टमाटर के फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने असमय बारिश, आंधी, तूफान और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को देखते हुए को उन्होंने तत्काल बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार, एसडीएम बस्तर ओम प्रकाश वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी टीम बनाकर किसानों के नुकसान की भरपाई हेतु कार्य करें।

## जावंगा सीआरपीएफ का बैरक क्षतिग्रस्त हुआ, 4 जवान घायल

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिलं में तेज बारिश और ओलावृष्टि से जावंगा में स्थित सीआरपीएफ 231 बटालियन का बैरक क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बैरक में मौजूद 04 जवान घायल हुए हैं, इसमें 01 जवान को कंधे में गहरी चोट लगी है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बैरक के बाथरूम, मैस स्टोर की एम्बेसडर सीट उड़ गई है। मौके पर बटालियन में मौजूद कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह ने क्षतिग्रस्त हुए इमारतों का मुआयना कर संपत्ति के नुकसान का जायजा लिया। सीआरपीएफ 231 बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि कल शाम लगभग 7:30 बजे 231 बटालियन मुख्यालय जावंगा गीदम, दंतेवाड़ा में तेज बारिश, तूफान और ओलावृष्टि के कारण जवानों के रहने वाली बैरक, बाथरूम, मैस स्टोर और सरकारी सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होने कहा कि क्षतिग्रस्त संपत्ति के नुकसान का आकलन कर उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई।



## आकाशीय बिजली के चपेट में आए 2 व्यक्तियों की मौत

**कवर्धा (आरएनएस)।** आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण दोनों युवक पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी बादलों की गडग़ड़ाहट और बारिश के साथ आसमान से तेज बिजली चमकी और दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। पूरा मामला लोहारा थाना क्षेत्र के पैलपार गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम ननकू साहू 54 वर्ष और परमानंद पटेल बारिश के चलते एक पेड़ की छाँव के नीचे बैठे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया, ग्रामीणों की सुचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना कर पंचनामा कर शवों को अस्पताल पंहुचा दिया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आई 2 बच्चियां

**कोंडागांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बच्चियों की मौत हो गई है. पूरा मामला ग्राम चिलपुटी का है. बेमौसम बारिश के साथ बिजली चमकी और 2 बच्चियों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि बच्चियां घर के पास ही इमली बीनने गई थी, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई।

# केलो नहर का मुआवजा वितरित करने नेतनागर में लगेगा कैंप

**नेतनागर के दूसरे छोर में 50 मीटर काम शेष, दो दिनों में कर लिया जाएगा पूरा**

**सिंचाई विभाग तेजी से पूरा करवा रहा नहरों का काम**

**रायगढ़।** केलो परियोजना के तहत नहरों का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें भूमि अधिग्रहित किसानों को मुआवजा वितरित करने के लिए कैंप लगाया जाएगा। नेतनागर, रेंगालपाली और बड़माल के ऐसे किसान जिन्होंने मुआवजा प्राप्त नहीं किया है उन्हें राशि का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा ने बताया कि भू-अर्जन अधिनियमों के तहत केलो परियोजना के तहत नहर निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। जिसकी मुआवजा राशि के चेक तैयार किए जा चुके हैं। जिसे किसानों को वितरित करने के लिए कैंप लगाया जाएगा।



नहरों के निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता पी.आर. फुलेकर ने बताया कि नहर का काम नेतनागर की दूसरी छोर की ओर से चल रहा है। यहां करीब 200 मीटर का काम किया जाना था। जिसमें से लगभग 50 मीटर का काम शेष बचा है। जिसे अगले दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि झलमला तक नहर का काम पूरा किया जा चुका है। जहां इस बार किसानों को नहर से पानी मिला है। उन्होंने बताया कि केलो बांध से नेतनागर का इलाका करीब 27 मीटर डाउन पर है, ऐसे में पानी नहीं पहुंचने जैसी कोई बात नही है। पिछले दिनों रेंगालपाली और बड़माल के किसानों ने कलेक्टर सिन्हा से मुलाकात कर वहां नहरों का काम अगले खरीफ से पहले पूरा करवाने की बात रखी है। वहां भी जल्द काम पूर्ण करवाया जाएगा।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नहरों का काम दिसंबर 2023 तक पूरा करना है। 313 कि.मी.में से 248 किमी लंबाई का काम किया जा चुका है, मुख्य नहर और शाखा नहर के बाद अब वितरक और लघु नहरों का काम जारी है। उन्होंने कहा कि केलो नहरों का काम पूरा होने से रायगढ़ के 167 गांवों और सक्ती के 8 गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे 22 हजार 810 हेक्टेयर का रकबा सिंचित होगा। उन्होंने बताया कि नेतनागर, रेंगालपाली और बड़माल में कार्य पूर्ण होने पर 860 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इसके साथ ही पेयजल और निस्तार के लिए पानी मिलेगा। नहरों के बनने का एक फायदा भू-जल रिचार्ज होने से भी होगा।

# अवैध पटाका भंडारण के ठिकाने पर सायबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस ने की छापेमारी

**करीब 50 हजार रूपए के पटाखे जब्त**

**रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर आवासीय क्षेत्र पक्की खोली सिंधी कालोनी में एक व्यक्ति खतरनाक तरीके से अपने घर के पास गोदाम बनाकर लाखों के पटाखों का भंडारण कर बिक्री किये जाने की सूचना जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मिला जिसकी तस्दीकी करने का निर्देश एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा थाना चक्रधरनगर एवं सायबर सेल को निर्देश दिया गया। पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध पटाखा भंडारण का भंडाफोड़ करते हुए मकान व गोदाम मालिक लक्ष्मण दास जय सिंह को हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा लक्ष्मण दास जय सिंह को पटाखा संग्रहण करने के कागजात पेश करने को कहने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार्टूनों में रखे प्रकार विभिन्न के पटाखे कुल कीमती करीबन 50,000 रूपये का जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी लक्ष्मण दास जय सिंह पिता किशन सिंह उम्र 45 वर्ष साकिन पक्की खोली सिंधी कालोनी के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। छापेमार कार्यवाही में थाना चक्रधरनगर और साइबर सेल स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।



## कुंए में गिरा तेंदुआ, वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बचाया

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के दुधवा इलाके के भिमाडीही इमलीपारा में एक वन्य प्राणी तेंदुआ कुएं में गिर गया। ग्रामीणों के माध्यम से रविवार सुबह कुएं में तेंदुआ के गिरने की सूचना मिलने पर रेंजर धनराज साहू सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुआ को बचाव के प्रयास करते हुए तेंदुए को बाहर निकालने के लिए एक चैली डाली गई जिसमें तेंदुआ बैठ गया है, इसके बाद वन विभाग ने वहां मौजूद भीड़ को हटाकर कुआ को ढक्क दिया गया है। वन विभाग के रेंजर धनराज साहू ने बताया कि देर शाम के बाद तेंदुआ को निकाला जायेगा।



# भोपाल से रायपुर तक हवाई सफर आसान, रोज संचालित होगी उड़ान

**रायपुर (आरएनएस)।** भोपाल से रायपुर तक का हवाई सफर अब और आसान हो जाएगा। इस रूट पर संचालित इंडिगो की उड़ान 27 मार्च से सप्ताह के सभी सात दिन संचालित होगी।

अभी तक यह उड़ान सप्ताह में चार दिन संचालित होती है।

गौरतलब है कि भोपाल से रायपुर के बीच सबसे पहले एलाइंस एयर ने सीधी उड़ान शुरू की थी। कंपनी की उड़ान जयपुर से भोपाल आकर बाद में रायपुर जाती थी। वापसी में यह उड़ान रायपुर से भोपाल आकर जयपुर रवाना होती थी। यह उड़ान चार साल पहले बंद कर दी गई। इसके बाद जेट एयरवेज ने डायरेक्ट उड़ान शुरू की। लेकिन यह कंपनी ही बंद हो गई। हाल ही में इंडिगो ने इस रूट पर सीधी उड़ान शुरू की है। यह उड़ान सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को संचालित होती है।

- उड़ान संख्या 6-ई 7568/ 7569 का शेड्यूल
- भोपाल से प्रस्थान - शाम 5.25 बजे
- रायपुर आगमन - शाम 6.55 बजे
- रायपुर से प्रस्थान - शाम 7.20 बजे
- भोपाल आगमन - रात्रि 8.50 बजे



# "अभिव्यक्ति जागरूकता" के समापन कार्यक्रम में महिला शिक्षक, स्वच्छता दीदी और कई कामकाजी युवतियों का किया गया सम्मान

**रायगढ़।** 13 मार्च से प्रारंभ किये गये "अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम" का आज पुलिस सामुदायिक भवन में समापन कार्यक्रम रखा गया था। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायगढ़ महापौर जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (IUCAW) डॉ. आर.पी. भैया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संजय महादेवा, नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा, समाजसेवी कविता बेरीवाल, थानों के महिला पुलिसकर्मी, स्कूलों के शिक्षकगण, स्कूली छात्राएं उपस्थिति थी। कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने उपस्थित महिलाओं व बच्चों को सकारात्मक सोच व विश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रमों के आयोजन को महिला सशक्तिकरण को बढावा देना बताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया की बदलते समाज ने ये माना है कि महिला और पुरुष समाज के दो बराबर के धुरी हैं। धीरे-धीरे समाज में जागरूकता आ रही है, शिक्षा का महत्व समझा जा रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही है, महिलाओं का विकास ही समाज और देश को उन्नति की ओर ले जाएगा।



कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिये शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकगण, हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने वाली स्वच्छता दीदीयां तथा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाली युवतियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिन्हें भी अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। जिला पुलिस की ओर से पुलिस अधिकारियों ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किये। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल डेनियल सर ने किया, कार्यक्रम में पुलिस कालोनी व वार्डवासियों की अच्छी संख्या में उपस्थिति थी।

# ग्राम जामविरा में रैरूमा पुलिस ने चलित थाना लगाकर लोगों को किया अपराधों से जागरूक

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द प्रभारी उप निरीक्षक मान कुंवर द्वारा अपने स्टाफ के साथ कल ग्राम जामविरा में गाँव के समस्या निवारण के लिए चलित थाना लगाया गया जिसमें काफी संख्या में गांव की महिलाएं और पुरूष उपस्थित थे। चौकी प्रभारी बताई कि पुलिस चलित थाना के माध्यम से लोगों में कानून के प्रति जागरूकता लाने और अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से लगाये जा रहे हैं। चलित थाने में चौकी प्रभारी द्वारा गांव के प्रमुख व्यक्तियों से गांव की समस्याओं पर चर्चा किया गया तथा उपस्थित महिलाओं को गांव में शराब बंदी के लिए प्रेरित किया गया। चौकी प्रभारी द्वारा विशेषकर महिला सुरक्षा से जुड़ी जानकारी, महिला सुरक्षा संबंधी अभिव्यक्ति ऐप, साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक खाते से जुड़े मोबाइल पर आने वाले ओटीपी नंबर किसी भी अनजान व्यक्ति को ना बताएं, एटीएम कार्ड के उपयोग सावधानी बरते, अपने निजी जानकारी जैसे एटीएम पासवर्ड आधार कार्ड के नंबर, ओटीपी किसी को ना बताएं, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चौकी प्रभारी द्वारा गांव में फेरी के बहाने सुने मकानों को रेकी करने वालों से सतर्क रहने और ऐसे व्यक्तियों के देखे जाने पर चौकी में सूचना देने कहा गया है।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480